# ULB

BHARATPUR NAGAR NIGAM

Bharatpur - 321001



Minimum Government, Maximum Governance

## *E-News Letter*
## *August, 2016*

Local Self Government

# शिक्षण संस्थान का आवंटन निरस्त की कार्यवाही

नगर निगम भरतपुर द्वारा दिनांक 02.03.1983 को श्री सनातन धर्म उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुर को शाला भवन हेतु 4/—रू. प्रति वर्गगज की दर से 12539.79 वर्गगज आवंटित भूमि पर निर्मित विद्यालय भवन से शैक्षणिक कार्य बन्द होने पर एवं भूमि व भवन का व्यावसायिक उपयोग होने के कारण आवंटन निरस्त किया गया।

# अतिक्रमण अभियान

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार शहर के कुम्हेर गेट पर अतिक्रमण अभियान अधिशाषी अभियन्ता के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें दो मंजिला होटल के अवैध निर्माण को नगर निगम द्वारा हटाया गया।

# स्ट्रीट लाईट व्यवस्था

नगर निगम क्षेत्र में एल.ई.डी. लाईट्स लगाने का कार्य 14 मई, 2016 से प्रारम्भ किया जा चुका है। शहर में सरकूलर रोड़ एवं वार्डों के मुख्य मार्गों पर सोडियम लाईट्स एवं ट्यूबलाईट्स को एल.ई.डी. लाईटों से बदलने का कार्य वर्तमान में जारी है। अब तक लगभग 8000 लाईटें बदली जा चुकी हैं। शहर में 21000 सोडियम एवं ट्यूबलाईट्स को एल.ई.डी. लाईट्स से बदलने का कार्य किया जा रहा है।

# ENERGY SAVING



नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 50KW विद्युत कनैक्शन किया हुआ है। बिजली बचत के लिए 33.00 लाख रूपये की लागत से 40KW क्षमता का सोलर पैनल लगाया गया है। 33.00 लाख रूपये में से 11.00 लाख रूपये की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है। इस प्रकार सोलर पैनल लगाने की कुल लागत 22.00 लाख रूपये है।

सोलर पैनल को REIL द्वारा स्थापित किया गया है। सोलर पैनल लगाने से 70 प्रतिशत बिजली का उपभोग इसी से किया जावेगा।

## स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण घटक में अब तक कुल 5976 आवेदन ऑनलाईन अपलोड किये गये है, तथा 5812 आवेदन पत्रों का वैरिफिकेशन एवं 5728 एप्रूब्ड किये जा चुके हैं। 5500 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किश्त हस्तान्तरित की जा चुकी हैं।

सिटी सेनिटेशन प्लांट को एस.बी.एम. साइट पर अपलोड कर दिया जा चुका हैं। वर्तमान में 22 कम्यूनिटी एवं पब्लिक टॉयलेट संचालित हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन शौचालयों का अपग्रेडेशन कराने हेतु डीपीआर तैयार कराई जा रही है।

## सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में स्थित नौंह वेस्ट प्रोसेसिंग प्लान्ट Up gradation संचालन एवं रखरखाव हेतु निविदा प्राप्त कर ली गई है। निविदा 707.93 करोड़ की लगाई गयी थी। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत V.G.F. System के अन्तर्गत कराया जायेगा। जिसमें 20 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार एवं 6.66 प्रतिशत राशि राज्य सरकार शेष राशि निविदादाता द्वारा लगायी जावेगी।

नगर निगम द्वारा निविदा की कार्यवाही पूर्ण कर प्रस्ताव श्रीमान निदेशक महोदय स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर को भिजवाये गये थे। राज्य सरकार के स्तर पर स्टेट लेबिल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा फर्म द्वारा दी गई रायल्टी की दर 101 प्रति टन की दर स्वीकृत कर कार्यादेश देने के निर्णय लिया गया। इस क्रम में नगर निगम द्वारा सम्बन्धित फर्म ROLLZ MATERIAL HANDLING SYSTEM PRIVATE LTD., NEW DELHI को Letter of Acceptance जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित फर्म से दिनांक 26.08.2016 को एग्रीमेन्ट कर लिया गया है एवं P.S. राशि जमा करा ली गई है। फर्म को कार्यादेश देने की कार्यवाही प्रगति पर है।

# अमृत योजना

**अमृत योजना** के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न घटकों में निम्न प्रकार संशोधित SLIP में राशि डीपीआर अनुसार वर्ष 2016–17 की भिजवायी गई है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाटर सप्लाई | – | राशि 50.00 करोड़ |
| 2. | सीवरेज | – | राशि 79.66 करोड़ |
| 3. | स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज | – | राशि 33.03 करोड़ |
| 4. | अरबन ट्रान्सपोर्ट | – | राशि 20.00 करोड़ |
| 5. | ग्रीन स्पेस एण्ड पार्कस् | – | राशि 06.68 करोड़ |
| | **कुल योग** | – | **राशि 189.37 करोड़** |

उपरोक्तानुसार सीवरेज कार्य की निविदा रुडसिको द्वारा लगा दी गई है, जिसकी राशि 79.66 करोड़ की निविदा Submission की अंतिम दिनांक 20.05.2016 निर्धारित थी। इस कार्य हेतु TATA PROJECT की Lowest दर आयी हैं। जिसको रूडसिको द्वारा L.O.A. जारी कर दिया गया था, परन्तु फर्म की कुछ कमियों के कारण L.O.A. निरस्त कर दिया है। रूडसिको द्वारा पुनः निविदा की कार्यवाही जारी है।

स्टोर्म वाटर ड्रेनेज एवं ग्रीन स्पेस पार्कस् की डीपीआर राज्य स्तर पर S.L.T.C. (स्टेट लेबिल टैक्नीकल कमेटी) की आगामी बैठक में स्वीकृति हेतु रखा जावेगा। अरबन ट्रांसपोर्ट एवं सैप्टेज मैनेजमेन्ट की डीपीआर का कार्य प्रगति पर है।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

**एस.एम.आई.ड़ी** घटक के तहत महिलाओं के 205 स्वंय सहायता समूह का गठन किया जा चुका है। इनमें से अभी तक 130 समूहों का बैंक लिंकेज हेतु खाते खुलवाये जा चुके है। एक आर.ओ. को 30 समूहों की प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है।

**ई.एस.टी.पी.** घटक के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माह अगस्त, 2016 तक 885 आवेदन तैयार कराकर आर.एस.एल.ड़ी.सी को प्रशिक्षण दिलाने हेतु प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से अभी तक मात्र 37 आवेदकों का प्रशिक्षण कार्य हो चुका है, तथा 80 आवेदकों को RSLDC द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।

स्वरोजगार घटक के अंतर्गत माह आगस्त, 2016 तक 615 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को ऋण हेतु बैंक को प्रेषित किये जा चुके है। जिनमें से 97 व्यक्तिगत आवेदन पत्रों को बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत हो चुका है, एवं 40 आवेदनकर्त्ताओं को 21.85 लाख का ऋण वितरित हो चुका है।

आश्रय स्थल घटक के तहत नगर निगम, भरतपुर में वर्तमान में 2 पूर्व निर्मित आश्रय स्थलों का विधिवत संचालन हो रहा है, तथा अन्य दो नये आश्रय स्थल बनाने हेतु निविदा सूचना जारी कर संवेदक को कार्यादेश जारी कर दिया गया है, तथा आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

स्ट्रीट वैंड़र घटक के तहत 1,000 से अधिक संख्या होने के कारण एजेंसी द्वारा नगर निगम क्षेत्र में सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए सम्बन्धित एजेन्सी को 546400 रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

## *राजस्व प्राप्तियां*

नगर निगम, भरतपुर द्वारा वित्तिय वर्ष 2016–17 के लिए विभिन्न मदों में ठेकों से निम्न प्रकार राशि वसूल की गई है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | साईन बोर्ड विज्ञापन | – | 98,42,938 रू. |
| 2. | मोबाइल टावर | – | 7,97,030 रू. |
| 3. | विवाह स्थल पंजीयन | – | 41,01,504 रू. |
| 4. | पार्किंग ठेका | – | 2,33,750 रू. |
| 5. | हड्डी खाल ठेका | – | 2,76,667 रू. |
| 6. | पोल कियोस्क ठेका | – | 1,13,500 रू. |

तथा नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में राजस्व से कुल 3,69,01535 रूपये प्राप्त हुए हैं।

# Contacts Us:

**BHARATPUR, MUNICIPAL CORPORATION,**
**NEAR MATHURA GATE, BHARATPUR.**
**e-mail: bhartpur.jaipur@gmail.com**
**Phone No.: 05644 - 222 170**